प्रेस विज्ञप्ति

जनपद मुरादाबाद

दिनांक- 05.11.2022

चोरी की बाइक सहित 01 गिरफ्तार, थाना सिविल लाइन्स-

अवगत कराना है कि दिनांक 01-11-2022 को वादी श्री रितेश कुमार पुत्र मोहन लाल शर्मा निवासी ग्राम व पोस्ट स्योडारा थाना बिलारी,मुरादाबाद ने दिनांक 31-10-2022 को जिला अस्पताल मुरादाबाद से अज्ञात चोर द्वारा वादी की मोटर साइकिल चोरी करने के संबंध में तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना सिविल लाइन्स पर मु0अ0सं0-929/2022 धारा 379 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त के क्रम आज दिनांक 05-11-2022 को उ0नि0 श्री मुनेश कुमार थाना सिविल लाइन्स द्वारा मय हमराही पुलिस बल के प्रकाश में आये अभियुक्त नईम पुत्र शमीम निवासी जामा मस्जिद के पास चामुण्डा वाली थाना मुगलपुरा,मुरादाबाद को चोरी की मोटर साईकिल (नंबर UP 21 AZ4770) सहित गिरफ्तार किया गया।